नामांक Roll No.

| Question Booklet No. |
|---|
| |

**S-01-Hindi**

No. of Questions – **20**

No. of Printed Pages – **11**

# माध्यमिक परीक्षा, 2025

# SECONDARY EXAMINATION, 2025

## हिन्दी

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

5) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।



https://www.rajasthanboard.com

## खण्ड – अ

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : [12×1=12]

i) कर्म के आधार पर क्रिया के कितने भेद हैं ? [1]

अ) दो ब) तीन

स) चार द) एक

ii) निम्नांकित में से सर्वनाम है – [1]

अ) वह ब) क्रिया

स) ताल द) गति

iii) अमीरुद्दीन का जन्म हुआ था– [1]

अ) बंगाल में ब) पटना में

स) डुमराँव में द) भोपाल में

iv) बालगोबिन भगत 'साहब' किसे मानते थे ? [1]

अ) स्वयं को ब) कबीर को

स) अपने पुत्र को द) अपनी पतोहू को

v) 'नेताजी का चश्मा' पाठ की विधा है – [1]

अ) कहानी ब) कविता

स) नाटक द) उपन्यास

vi) 'एक कहानी यह भी' के लेखक का नाम है – [1]

अ) मुंशी प्रेमचंद ब) हरिवंश राय बच्चन

स) गोपालदास 'नीरज' द) मन्नू भण्डारी



https://www.rajasthanboard.com

vii) परशुराम आपे से बाहर क्यों हो गए ? [1]

अ) शिव-धनुष को खंडित देखकर　　ब) अकारण ही

स) राम के मोहक रूप को देखकर　　द) राजा जनक को देखकर

viii) 'उत्साह' कविता में कवि ने संबोधित किया है - [1]

अ) सूर्य को　　ब) पथिक को

स) बादल को　　द) स्वयं को

ix) सूरदास के काव्य में किस भाषा का निखरा हुआ रूप है ? [1]

अ) ब्रजभाषा　　ब) संस्कृत

स) अवधी　　द) प्राकृत

x) 'मधुप गुन - गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी'

उपर्युक्त पंक्तियों में अपनी कहानी कौन कह रहा है ? [1]

अ) भँवरा　　ब) चिड़िया

स) तुलसीदास　　द) पुष्प

xi) 'भोलानाथ' का असली नाम क्या था ? [1]

अ) कन्हैया　　ब) तारकेश्वरनाथ

स) बम-भोला　　द) राम

xii) "मैं क्यों लिखता हूँ" पाठ के लेखक का नाम है - [1]

अ) प्रसाद　　ब) निराला

स) पंत　　द) अज्ञेय



https://www.rajasthanboard.com

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [6×1=6]

i) स्वर सन्धि __________ प्रकार की होती है । [1]

ii) 'यथाशक्ति' शब्द में __________ समास है । [1]

iii) 'विदेश' शब्द में __________ उपसर्ग है । [1]

iv) वे विशेषण, जो किसी पदार्थ की निश्चित या अनिश्चित मात्रा, परिमाण, नाप या तौल आदि को बोध कराते हैं, उन्हें __________ विशेषण कहते हैं । [1]

v) किसी भाव, अवस्था, गुण अथवा दशा के नाम को __________ संज्ञा कहते हैं । [1]

vi) 'पालनहार' शब्द में __________ प्रत्यय है । [1]

3. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : [6×1=6]

ऋतु के अनुसार ही त्योहारों का समावेश किया गया है । भारत में हर दो महीने बाद ऋतु परिवर्तन होता है । वसन्त के त्योहार में उद्यान और उपवनों में वृक्ष, लता और गुल्मों को देखकर किसका मन मयूर नहीं नाच उठेगा । पीले सरसों के फूल तथा लाल टेसू के फूलों की छटा किसे आकृष्ट नहीं करेगी । वर्षा ऋतु भी कम मन-मोहक नहीं होती । वर्षा ऋतु में तीज, नागपंचमी और रक्षाबंधन के त्योहार खूब धूम-धाम से मनाए जाते हैं । वर्षा की रिमझिम में तीज का त्योहार नारी मन को उद्वेलित किए बिना नहीं रहता । वे सुख-सौभाग्य की कामना करते हुए यह त्योहार मनाती हैं । रक्षाबंधन भाई-बहिन के अटूट प्रेम का प्रतीक है ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । [1]

ii) भारत में ऋतु परिवर्तन कब होता है ? [1]

iii) वर्षा ऋतु में कौन-कौनसे त्योहार आते हैं ? [1]

iv) रक्षाबंधन का त्योहार किसका प्रतीक है ? [1]

v) तीज का त्योहार क्यों मनाया जाता है ? [1]

vi) 'दुर्भाग्य' शब्द का विपरीतार्थक शब्द गद्यांश में से छाँटकर लिखिए । [1]



https://www.rajasthanboard.com

4. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। [6×1=6]

तोड़ो तोड़ो तोड़ो

ये पत्थर ये चट्टानें

ये झूठे बंधन टूटें

तो धरती को हम जानें

सुनते हैं मिट्टी में रस है जिससे उगती दूब है

अपने मन के मैदानों पर व्यापी कैसी ऊब है

आधे-आधे गाने

i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। [1]

ii) कवि क्या तोड़ने की बात कर रहा है ? [1]

iii) कवि पत्थर और चट्टानें तोड़ने की बात क्यों कहता है ? [1]

iv) अपने मन के मैदानों पर क्या व्याप्त है ? [1]

v) धरती को हम कब जानेंगे ? [1]

vi) रेखांकित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए। [1]

[Turn Over



https://www.rajasthanboard.com

## खण्ड – ब

निम्नलिखित लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में लिखिए । [7×2=14]

**5.** "काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एक अद्‌भुत परंपरा है ।" – यह परंपरा कौन-सी है ? 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । [2]

**6.** मन्नू भंडारी ने अपनी माँ को धरती से ज्यादा धैर्यवान और सहनशील क्यों कहा है ? – 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर समझाइए । [2]

**7.** 'संगतकार' कविता की मूल संवेदना लिखिए । [2]

**8.** 'उत्साह' कविता में निराला ने बादल को किसका प्रतीक बताया है ? [2]

**9.** भोलानाथ को खाना खिलाने के लिए मइयाँ क्या-क्या उपक्रम करती थी ? 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर बताइए । [2]

**10.** अज्ञेय के अनुसार अनुभव और अनुभूति में क्या अंतर है ? 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर समझाइए । [2]

**11.** 'श्री गणेश करना' मुहावरे का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए । [2]



https://www.rajasthanboard.com

## खण्ड – स

**12.** निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : [4×1=4]

अब हालदार साहब को बात कुछ-कुछ समझ में आई । एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है । उसे नेताजी की बगैर चश्मेवाली मूर्ति बुरी लगती है । बल्कि आहत करती है, मानो चश्मे के बगैर नेताजी को असुविधा हो रही हो । इसलिए वह अपनी छोटी-सी दुकान में उपलब्ध गिने-चुने फ्रेमों में से एक नेताजी की मूर्ति पर फिट कर देता है । लेकिन जब कोई ग्राहक आता है और उसे वैसे ही फ्रेम की दरकार होती है जैसा मूर्ति पर लगा है तो कैप्टन चश्मेवाला मूर्ति पर लगा फ्रेम संभवत: नेताजी से क्षमा माँगते हुए-लाकर ग्राहक को दे देता है और बाद में नेताजी को दूसरा फ्रेम लौटा देता है ।

i) चश्मेवाले का क्या नाम था ? [1]

ii) चश्मेवाले को क्या चीज बुरी लगती थी ? [1]

iii) नेताजी की असुविधा को कैप्टन ने किस प्रकार दूर किया ? [1]

iv) चश्मेवाला मूर्ति पर लगा फ्रेम क्यों उतार लेता था ? [1]

**अथवा**

जिस व्यक्ति की बुद्धि ने अथवा उसके विवेक ने किसी भी नए तथ्य का दर्शन किया, वह व्यक्ति ही वास्तविक संस्कृत व्यक्ति है और उसकी संतान जिसे अपने पूर्वज से वह वस्तु अनायास ही प्राप्त हो गई है, वह अपने पूर्वज की भाँति सभ्य भले ही बन जाए, संस्कृत नहीं कहला सकता । एक आधुनिक उदाहरण लें । न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धान्त का आविष्कार किया । वह संस्कृत मानव था । आज के युग का भौतिक विज्ञान का विद्यार्थी न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण से तो परिचित है ही; लेकिन उसके साथ उसे और भी अनेक बातों का ज्ञान है जिनसे न्यूटन शायद अपरिचित ही रहा ।

i) वास्तविक संस्कृत व्यक्ति कौन है ? [1]

ii) संस्कृत व्यक्ति की संतान क्या नहीं कहला सकती ? [1]

iii) न्यूटन ने किसका आविष्कार किया था ? [1]

iv) भौतिक विज्ञान का विद्यार्थी किससे परिचित है ? [1]



https://www.rajasthanboard.com

13. प्रस्तुत पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [4]

नाथ संभुधनु भंजनिहारा । होइहि केउ एक दास तुम्हारा ।।

आयेसु कह कहिअ किन मोही । सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही ।।

सेवकु सो जो करै सेवकाई । अरिकरनी करि करिअ लराई ।।

सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा । सहसबाहु सम सो रिपु मोरा ।।

i) उपर्युक्त पद्यांश के पाठ का नाम लिखिए । [1]

ii) सेवक का कार्य क्या है ? [1]

iii) शिवधनुष तोड़ने वाले को परशुराम ने किसके समान बताया है ? [1]

iv) राम ने परशुराम को अपना परिचय क्या कहकर दिया ? [1]

**अथवा**

उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ, मधुर चाँदनी रातों की ।

अरे खिल-खिला कर हँसते होने वाली उन बातों की ।

मिला कहाँ वह सुख जिसका मैं स्वप्न देखकर जाग गया ।

आलिंगन में आते-आते मुसक्या कर जो भाग गया ।

i) प्रस्तुत पंक्तियों की कविता का नाम लिखिए । [1]

ii) कवि क्या गाने में असमर्थ है ? [1]

iii) कवि क्यों जाग गया ? [1]

iv) कवि को क्या नहीं मिला ? [1]



https://www.rajasthanboard.com

14. बालगोबिन भगत की मृत्यु कैसे हुई ? – पाठ के आधार पर समझाइए । [3]

(उत्तर सीमा लगभग **50-60** शब्द)

**अथवा**

लेखक के सैकंड क्लास के डिब्बे में चढ़ने पर, पहले से वहाँ बैठे नवाब साहब पर क्या प्रतिक्रिया हुई ? 'लखनवी अंदाज' पाठ के आधार पर समझाइये । [3]

(उत्तर सीमा लगभग **50-60** शब्द)

15. 'हमारैं हरि हारिल की लकरी ।'

गोपियों ने हरि को 'हारिल की लकरी' क्यों कहा है ? पाठ के आधार पर समझाइए । [3]

(उत्तर सीमा लगभग **50-60** शब्द) https://www.rajasthanboard.com

**अथवा**

'दंतुरित मुसकान' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए । [3]

(उत्तर सीमा लगभग **50-60** शब्द)

16. i) 'मंगलेश डबराल' अथवा सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' के कृतित्व के बारे में लिखिए । [2]

(उत्तर सीमा लगभग **40** शब्द)

ii) 'यतीन्द्र मिश्र' अथवा 'भदंत आनंद कौसल्यायन' के कृतित्व का संक्षिप्त परिचय दीजिए । [2]

(उत्तर सीमा लगभग **40** शब्द)



https://www.rajasthanboard.com

## खण्ड – द

17. 'खेदुम' के एक किलोमीटर के एरिये के बारे में जितेन ने लेखिका को क्या बताया ? – 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए । (उत्तर सीमा **80** शब्द) [4]

**अथवा**

'एक अर्थ में मैं स्वयं हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता बन गया ।' लेखक को ऐसा कब अनुभव हुआ ?

"मैं क्यों लिखता हूँ" पाठ के आधार पर समझाइये।" (उत्तर सीमा **80** शब्द) [4]

18. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों में निबंध लिखिए । [6]

1) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्त्व

   i) प्रस्तावना

   ii) अनुशासन का अर्थ और आवश्यकता

   iii) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्त्व

   iv) अनुशासन की उपयोगिता व लाभ

   v) उपसंहार

2) स्वतंत्रता के 70 वर्ष-क्या खोया, क्या पाया ?

   i) प्रस्तावना

   ii) स्वतंत्रता का अर्थ

   iii) स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् देश की स्थिति

   iv) विकास की ओर बढ़ते कदम तथा भविष्य

   v) उपसंहार



https://www.rajasthanboard.com

3) सैनिक शिक्षा की आवश्यकता

i) प्रस्तावना

ii) सैनिक शिक्षा की अवधारणा और आवश्यकता

iii) भारत में प्रमुख सैनिक शिक्षण संस्थाएँ

iv) व्यक्तित्व विकास में सैनिक शिक्षा का महत्त्व

v) उपसंहार

4) यदि मैं प्रधानमंत्री होता

i) प्रस्तावना

ii) प्रधानमंत्री के पद का महत्त्व, दायित्व और अधिकार

iii) मैं प्रधानमंत्री क्यों बनना चाहता हूँ

iv) प्रधानमंत्री के रूप में भविष्य की योजनाएँ

v) उपसंहार

19. स्वयं को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पटना का छात्र नरेन्द्र मानते हुए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाने हेतु एक प्रार्थना-पत्र लिखिए । [4]

**अथवा**

स्वयं को लखनऊ निवासी वंदिता मानते हुये अपनी मित्र दिल्ली निवासी रानी को अवकाश में लखनऊ भ्रमण हेतु आमंत्रित करते हुए एक पत्र लिखिए । [4]

20. स्वयं को मथुरा निवासी सुरेश मानते हुए अपनी पुरानी साइकिल की बिक्री हेतु एक विज्ञापन उचित प्रारूप में लिखिए । [4]

**अथवा**

नगर निगम हरिद्वार की ओर से जल संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु एक विज्ञापन उचित प्रारूप में लिखिए । [4]



https://www.rajasthanboard.com